रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-06122023-250451
CG-DL-E-06122023-250451

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 806] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 5, 2023/अग्रहायण 14, 1945
No. 806] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 5, 2023/AGRAHAYANA 14, 1945

भारतीय उपचर्या परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 नवम्बर, 2023

भारतीय उपचर्या परिषद् {पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम} विनियम, 2023

फा.सं. 11–1/2022–आईएनसी:–समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) की धारा 16(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय उपचर्या परिषद् एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, यथा:–

1. लघु शीर्षक और प्रवर्तन

i. ये विनियम **भारतीय उपचर्या परिषद् {पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम} विनियम, 2023** कहे जाएंगे।

ii. ये विनियम भारत के राजपत्र में इनकी अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

i. 'अधिनियम' का अभिप्राय समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) से है;

ii. 'परिषद्' का अभिप्राय अधिनियम के तहत गठित भारतीय उपचर्या परिषद् से है;

iii. 'एसएनआरसी' का अभिप्राय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किसी भी नाम से गठित राज्य उपचर्या एवं प्रसाविका पंजीकरण परिषद् से है;

iv. 'आरएन एंड आरएम' का अभिप्राय एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) से है और एक ऐसे नर्स को दर्शाता है जिसने मान्यता प्राप्त नर्सिंग स्नातक (बी.एससी. नर्सिंग) या डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) पाठ्यक्रम, जैसा कि परिषद् द्वारा निर्धारित किया गया हो, सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो और किसी एक एसएनआरसी में पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका के रूप में पंजीकृत हो;

v. 'नर्स पंजीकरण एवं ट्रैकिंग प्रणाली (एनआरटीएस)' का अभिप्राय भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), भारत सरकार के सहयोग से विकसित सॉफ्टवेयर प्रणाली से है, जिसे भारतीय उपचर्या रजिस्टर के रखरखाव व संचालन के लिए एनआईसी द्वारा हॉस्ट किया गया है। इसमें पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम)/पंजीकृत सहायक नर्स मिडवाइफ (आरएएनएम)/पंजीकृत महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका (आरएलएचवी) के आंकड़ों के संग्रह के लिए 'आधार' बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित मानकीकृत प्रारूप हैं;

vi. 'एनयूआईडी' का अभिप्राय एनआरटीएस द्वारा प्रत्याशी को दिया जाने वाला नर्सेज यूनिक आइडेंटिफिकेशन नम्बर से है;

vii. 'जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम)' का अभिप्राय परिषद् द्वारा अधिनियम की धारा 10 के तहत स्वीकृत तथा अधिनियम की अनुसूची के भाग–1 में शामिल डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी प्रशिक्षण से है।

पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

I. प्रस्तावना

पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) नर्सिंग, नर्सिंग देखभाल का एक ऐसा विशिष्ट क्षेत्र है जिसमें बच्चों, किशोरों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य निरंतरता में शैशवावस्था से लेकर किशोरावस्था तक स्वास्थ्य संवर्धन, रोग प्रबंधन और स्वास्थ्य बहाली शामिल हैं। यह एक महत्वपूर्ण विशिष्टता है क्योंकि बच्चों का नर्सिंग प्रबंधन वयस्कों से अलग होता है क्योंकि बच्चों की आवश्यकताएं शुरु से अंत तक वृद्धि एवं विकास के अनुसार विशिष्ट और अद्वितीय होती हैं। बाल चिकित्सा नर्स आमतौर पर चिकित्सा और शल्य चिकित्सा समस्याओं से पीड़ित बच्चों को व्यापक नर्सिंग देखभाल प्रदान करने के लिए बहु–विषयक स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कार्य करती हैं। वे उनके उपचार के दौरान स्वास्थ्य आंकलन, आवश्यकता–आधारित देखभाल और सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति दस्तावेज (एनएचपी, 2017) में तृतीयक देखभाल सेवाओं का विस्तार करने, विशेषज्ञ नर्स तैयार करने और नर्सों के लिए नैदानिक प्रशिक्षण के मानकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसके प्रत्युत्तर स्वरूप, परिषद् ने मौजूदा विशिष्ट नर्सिंग कार्यक्रमों को योग्यता–आधारित प्रशिक्षण दृष्टिकोण अपनाते हुए एक–वर्षीय पोस्ट बेसिक डिप्लोमा आवासीय कार्यक्रमों के रूप में परिवर्तित करने की योजना बनाई है। पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा का उद्देश्य नर्सिंग स्नातकों को बाल चिकित्सा में वर्तमान एवं भविष्य के विकास के बारे में जागरूकता पैद करके बाल स्वास्थ्य में वैश्विक मुद्दों का अध्ययन करने और अभ्यास तथा नीति का गंभीर रूप से मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने का अवसर प्रदान करना और स्वतंत्र शोध करना है, ताकि नैदानिक परिणामों में सुधार लाया जा सके। इस संदर्भ में, तृतीयक देखभाल संस्थानों के लिए सुपर–स्पेशियलिटी नर्स तैयार करने के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत करना या स्थापित करना अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो बच्चों को सुरक्षित, सक्षम और संवेदनशील देखभाल प्रदान कर सकें।

II. दर्शन

परिषद् का मानना है कि अभ्यास के विभिन्न उभरते विशिष्ट क्षेत्रों में कार्य करने के लिए पंजीकृत नर्सों को आगे विशेषज्ञ नर्सों के रूप में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है और यह प्रशिक्षण योग्यता आधारित होना चाहिए। ऐसा ही एक क्षेत्र जिसमें विशेषज्ञ नर्सों की मांग है, वह है बाल चिकित्सा नर्सिंग। नर्सों की बढ़ती भूमिका और प्रौद्योगिकी के साथ–साथ बाल चिकित्सा नर्सिंग में हुई प्रगति के लिए सामान्य एवं रोगी बच्चों तथा विशेष जरूरतों वाले बच्चों को सक्षम, कुशल और उचित देखभाल प्रदान करने के लिए विशेष कौशल और ज्ञान के साथ नर्स तैयार करने के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

III. पाठ्यक्रम की रूपरेखा

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा एक एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है और इस पाठ्यक्रम की अवधारणा में मूलभूत लघु पाठ्यक्रम और विशेष नर्सिंग अभ्यास के लिए बृहद विशिष्ट पाठ्यक्रम सम्मिलित किए गए हैं।

व्यावसायिकता, संवाद, रोगी प्रशिक्षण एवं परामर्श, नैदानिक नेतृत्व एवं संसाधन प्रबंधन, और साक्ष्य आधारित एवं अनुप्रयुक्त शोध, बाल चिकित्सा स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूलभूत लघु पाठ्यक्रम हैं, जिनका लक्ष्य छात्रों को जवाबदेह, सुरक्षित और सक्षम विशेषज्ञ नर्स की तरह कार्य करने के लिए आवश्यक जानकारी, दृष्टिकोण एवं दक्षता प्रदान करना है।

प्रमुख विशिष्ट पाठ्यक्रमों को पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग I और पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग II के तहत सुनियोजित किया गया है। पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग I में बाल चिकित्सा नर्सिंग का संदर्भ/परिचय, बाल चिकित्सा नर्सिंग में प्रयुक्त सामान्य विज्ञान (बाल चिकित्सा नर्सिंग विशेषता के अंतर्गत आने वाली नैदानिक परिस्थितियों के निदान और उपचार में सामान्य विज्ञान की जानकारी का प्रयोग) शामिल हैं। पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग II में विशिष्ट नैदानिक स्थितियों वाले बच्चों का नर्सिंग प्रबंधन शामिल है, जिसमें आंकलन, निदान, उपचार और विशिष्ट मध्यवर्तन और बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ–साथ विशिष्टता/रोग का विवेचन शामिल हैं। इस आवासीय कार्यक्रम के पाठ्यक्रम की संरचना निम्नलिखित चित्र–1 में दर्शाई गई है।

पीडियाट्रिक (बाल सिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

पीडियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रम के मूल **पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग पाठ्यक्रम**

पंजीकृत नर्सों एवं दाइयों के लिये एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम
10 प्रतिशत सैद्धांतिक एवं 90 प्रतिशत अभ्यास (कौशल प्रयोगशाला + नैदानिक)

चित्र–1. पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग – आवासीय कार्यक्रम की पाठ्यक्रम संरचना

IV. उद्देश्य/अभिप्राय और क्षमताएं

इस कार्यक्रम को घातक एवं जीर्ण चिकित्सीय तथा शल्य चिकित्सीय विकारों और अन्य जन्मजात विसंगतियों के साथ–साथ बाल चिकित्सा संबंधी (पीडियाट्रिक) आपात स्थितियों से ग्रस्त बच्चों को व्यापक देखभाल प्रदान करने हेतु विशेष कौशल, जानकारी और प्रवृत्ति वाले नर्स तैयार करने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य तकनीकी रूप से योग्य और सक्षम विशेषज्ञ नर्स तैयार करना है जो उच्च गुणवत्ता और देखभाल के मानकों को बनाए रखते हुए तृतीयक/चतुर्थक अस्पतालों की बाल चिकित्सा देखभाल इकाइयों में कुशलतापूर्वक और इष्टतम रूप से कार्य कर सकें।

क्षमताएं

कार्यक्रम के पूरा होने पर, पीडियाट्रिक स्पेशियलिस्ट नर्स निम्नांकित कार्य करने में सक्षम होंगे:–

1. पीडियाट्रिक नर्सिंग अभ्यास में परिषद् के मानकों के अनुसार सदाचारी, परोपकारी, कानूनी, नैतिक, विनियामक और मानवतावादी सिद्धांतों के अनुरूप नर्सिंग देखभाल प्रदान करने में पेशेवर जवाबदेही प्रदर्शित करना।
2. बच्चों, अभिवावकों, परिजनों और सहयोगियों के साथ परस्पर सम्मान को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य देखभाल परिणामों को बढ़ाने और परिवार एवं बच्चे के रिश्ते में सुधार लाने के लिए साझा निर्णय लेते हुए प्रभावी ढंग से संवाद करना।
3. अभिवावकों तथा परिजनों की उपचार और देखभाल में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना तथा परामर्श देना और संकट एवं वियोग की परिस्थिति में उनकी मुकाबला करने की क्षमता में वृद्धि करना।
4. नैदानिक नेतृत्व तथा संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और सहयोगी तथा प्रभावी दलीय कार्य को बढ़ावा देने के लिए बाल चिकित्सा देखभाल संरचना में उनका उपयोग करना।
5. बच्चों की दैहिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक समस्याओं के आंकलन, निदान और उपचार में सामान्य विज्ञान को अपनाना।
6. विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों की सामान्य वृद्धि एवं विकास का वर्णन करना और तदनुसार उनकी पोषण संबंधी आवश्यकताओं को अभिनिर्धारित करना।
7. घातक एवं जीर्ण चिकित्सीय तथा शल्य चिकित्सीय विकारों और अन्य जन्मजात विसंगतियों से ग्रस्त बच्चों की देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया को लागू करना।

8. बचपन के सामान्य रोगों के आंकलन और नर्सिंग प्रबंधन में विशेष अभ्यास दक्षताओं/कौशल का प्रदर्शन करना, जिसमें पोषण एवं दर्द प्रबंधन शामिल है।
9. प्रभावी ढंग से पीएलएस/पीएएलएस निष्पादित करना।
10. सामान्य तथा रोगी बच्चों के लिए खेल के महत्व को पहचानना और उनकी खेल आवश्यकताओं को पूरा करना।
11. बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक निवारक उपायों और रणनीतियों की पहचान करना।
12. बचपन की सामान्य बीमारियों को रोकने के उपायों की पहचान करना, जिसमें टीकाकरण शामिल है।
13. सामान्य और उच्च जोखिम वाले नवजात का वर्णन करना और सामान्य नवजात समस्याओं का प्रबंधन करना।
14. नवजात शिशु को प्रभावी ढंग से कुशलतापूर्वक पुनः होश में लाना।
15. व्यवहारिक एवं सामाजिक समस्याओं वाले बच्चों और विकलांग बच्चों के लिए नर्सिंग प्रबंधन प्रदान करना।
16. विकलांग बच्चों के लिए सामाजिक और कल्याणकारी सेवाओं की पहचान करना।
17. उपचार संबंधी प्रतिकूल प्रभावों, आपात स्थितियों की पहचान करना और उन्हें प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना।
18. औषधि खरीद, औषधि देना तथा भंडारण, और उपकरणों के रखरखाव की विधि को समझना।
19. अस्पताल में भर्ती बच्चों और उनके परिजनों के प्रति सहानुभूति और मानवीय दृष्टिकोण प्रदर्शित करना।
20. बाल चिकित्सा इकाइयों/केंद्रों की नैदानिक लेखा परीक्षा करना और गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना।
21. व्यक्तिगत सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आवश्यकताओं और मतभेदों का सम्मान करते हुए आराम और सम्मान को बढ़ावा देते हुए जीवन के अंत की देखभाल और शोक प्रबंधन पर जोर देते हुए बच्चों को प्रशामक देखभाल प्रदान करना।
22. बाल चिकित्सा नर्सिंग अभ्यास में व्यावहारिक निर्णय लेने के लिए नैदानिक विशेषज्ञता तथा रोगी की वरीयताओं के विवेचन, अनुभव व मूल्यों पर विचार के साथ बाल चिकित्सा देखभाल और उपचार में सर्वोत्तम वर्तमान साक्ष्य की पहचान, आंकलन और उपयोग करना।
23. शोध प्रक्रिया की बुनियादी समझ के साथ साक्ष्य–आधारित बाल चिकित्सा नर्सिंग देखभाल मध्यवर्तनों में योगदान करने वाले शोध अध्ययनों में भाग लेना।

V. कार्यक्रम विवरण और अभ्यास क्षेत्र

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम एक एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है जिसे विशेष जानकारी, कौशल और प्रवृत्ति वाले पंजीकृत नर्स (जीएनएम या बी.एससी.) तैयार करने के लिए बनाया गया है ताकि स्वस्थ व रोगी बच्चों को उन्नत गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान की जा सके, जिसमें विकलांग बच्चे तथा उनके परिजन भी शामिल हैं। योग्यता–आधारित प्रशिक्षण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए प्रासंगिक सिद्धांत के साथ नैदानिक योग्यता पर जोर दिया जाता है। सैद्धांतिक पाठ्यक्रम में मूलभूत पाठ्यक्रम और विशिष्ट पाठ्यक्रमों के अलावा व्यावहारिक अभ्यास भी शामिल हैं। इसका 10 प्रतिशत भाग सैद्धांतिक और 90 प्रतिशत भाग व्यावहारिक (नैदानिक एवं प्रयोगशाला) अभ्यास है।

कार्यक्रम के पूरा होने पर प्रमाणपत्र मिलने और संबंधित एसएनआरसी में अतिरिक्त योग्यता के रूप में पंजीकृत होने पर, बाल रोग विशेषज्ञ नर्सों को अस्पताल या सामुदायिक संरचना की बाल चिकित्सा इकाइयों में नियुक्त किया जाना चाहिए। अभ्यास का दायरा समुदाय से लेकर अस्पताल तक, रोकथाम से लेकर उपचार और पुनर्वास तक बदलता रहता है। वे कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित दक्षताओं, विशेष रूप से परिषद् के पाठ्यक्रम की लॉग बुक में निर्धारित विशिष्ट प्रक्रियात्मक दक्षताओं/नैदानिक कौशल के अनुसार अभ्यास करने में सक्षम होंगे। विशेषज्ञ नर्सों को संबंधित संस्थानों द्वारा निर्धारित संस्थागत प्रोटोकॉल के अनुसार उन विशिष्ट प्रक्रियात्मक दक्षताओं का अभ्यास करने का विशेषाधिकार दिया जा सकता है। विशेषज्ञ नर्स संवर्ग/पदों का सृजन सरकारी/सार्वजनिक और निजी सभी क्षेत्रों में किया जाना चाहिए। यह डिप्लोमा परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा।

VI. पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिए न्यूनतम अर्हताएं/दिशानिर्देश

कार्यक्रम का संचालन कहां–कहां किया जा सकता है –

1. नर्सिंग में डिग्री कार्यक्रम का संचालन करने वाले नर्सिंग कॉलेज जो न्यूनतम 200 शैय्या वाले अपने स्वयं के ऐसे विशिष्ट अस्पताल/तृतीयक अस्पताल से संबद्ध हों जिनमें गंभीर रोग और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं सहित विभिन्न नैदानिक स्थितियों वाले बच्चों को प्रभावी व समर्थक देखभाल प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय तथा अत्याधुनिक बाल चिकित्सा इकाइयों के साथ इष्टतम निगरानी एवं जीवन समर्थन उपकरण/सुविधाएं और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाएं उपलब्ध हों।

   अथवा

   बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक्स) में डीएनबी/फैलोशिप कार्यक्रम का संचालन करने वाले अस्पताल, जिनमें न्यूनतम 200 शैय्या के साथ गंभीर रोग और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं सहित विभिन्न नैदानिक स्थितियों वाले बच्चों को प्रभावी व समर्थक देखभाल प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय तथा अत्याधुनिक बाल चिकित्सा इकाइयों के साथ इष्टतम निगरानी एवं जीवन समर्थन उपकरण/सुविधाएं और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाएं उपलब्ध हों।
2. उपरोक्त पात्र संस्थान को संबंधित एसएनआरसी से विशेष शैक्षणिक वर्ष के लिए पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित करने के लिए मान्यता लेनी होगी, जोकि एक अनिवार्य आवश्यकता है।
3. परिषद् द्वारा उपरोक्त दस्तावेजों/प्रस्तावों की प्राप्ति के पश्चात, मान्यता प्राप्त नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान का अधिनियम के प्रावधानों के तहत बनाए गए विनियमों के अनुरूप अध्यापन संकाय और नैदानिक एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए अधिनियम की धारा 13 के तहत वैधानिक निरीक्षण किया जाएगा।

1. शिक्षण संकाय

a. 1:10 के अनुपात में पूर्णकालिक शिक्षण संकाय।

b. शिक्षण संकाय में न्यूनतम दो सदस्य होने चाहिए।

c. *योग्यता एवं संख्याः*

i. पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग के साथ एम.एससी. नर्सिंग – 1

ii. बेसिक बी.एससी. नर्सिंग/पी.बी.बी.एससी. नर्सिंग के साथ संबंधित नर्सिंग स्पेशियलिटी में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – 1

d. *अनुभवः* पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग में न्यूनतम तीन वर्ष का नैदानिक अनुभव।

e. *अतिथि संकायः* संबंधित विशिष्टताओं में बहु–विषयक।

f. *प्रीसेप्टरः*

- *नर्सिंग प्रीसेप्टरः* जीएनएम में पूर्णकालिक योग्यता के साथ स्पेशियलिटी नर्सिंग (पीडियाट्रिक नर्सिंग) में 6 वर्ष का अनुभव, या बी.एससी. नर्सिंग के साथ स्पेशियलिटी नर्सिंग में 2 वर्ष का अनुभव, या एम.एससी. नर्सिंग के साथ पीडियाट्रिक इकाई में एक वर्ष का विशिष्ट नर्सिंग अनुभव।
- *मेडिकल प्रीसेप्टरः* स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त विशेषज्ञ (बाल रोग) डॉक्टर (स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के बाद तीन वर्ष का अनुभव/संकाय स्तर अथवा सलाहकार स्तर वालों को वरीयता दी जाएगी)।
- *प्रीसेप्टर छात्र अनुपातः* **नर्सिंग** में 1:10, **मेडिकल** में 1:10 (प्रत्येक छात्र एक मेडिकल प्रीसेप्टर और एक नर्सिंग प्रीसेप्टर से संबद्ध होना चाहिए)।

2. बजट

संस्थान के कुल बजट में इस कार्यक्रम के लिए आवश्यक कर्मचारियों के वेतन, अतिथि संकाय और अंशकालिक शिक्षकों के लिए मानदेय, लिपिकीय सहायता, पुस्तकालयी और आकस्मिक व्यय के लिए प्रावधान होना चाहिए।

3. अस्पताल/कॉलेज में भौतिक और शिक्षण सुविधाएं

a. नैदानिक क्षेत्र में अध्ययन कक्ष/सम्मेलन कक्ष – 1

b. अस्पताल/कॉलेज में कृत्रिम अध्ययन (सिम्युलेटेड लर्निंग) के लिए कौशल प्रयोगशाला। कौशल प्रयोगशाला हेतु आवश्यक वस्तुओं की सूची **परिशिष्ट–1** में दी गई है।

c. ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच के साथ पुस्तकालय और कंप्यूटर सुविधाएंः

i. कॉलेज में पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग, एनाटॉमी तथा फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, नर्सिंग प्रबंधन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग शोध और सांख्यिकी से संबंधित वर्तमान पुस्तकों, जर्नल और पत्रिकाओं से सुसज्जित पुस्तकालय होना चाहिए।

अथवा

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग, एनाटॉमी तथा फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, नर्सिंग प्रबंधन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग शोध और सांख्यिकी से संबंधित वर्तमान पुस्तकों, जर्नल और पत्रिकाओं के लिए मेडिकल कॉलेज/अस्पताल के पुस्तकालय का उपयोग करने की अनुमति होनी चाहिए।

ii. इंटरनेट की सुविधा के साथ कंप्यूटर

d. ई–लर्निंग सुविधाएं

e. शिक्षण संसाधन – उपयोग करने हेतु निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिएः

i. ओवरहेड प्रोजेक्टर

ii. वीडियो देखने की सुविधा

iii. एलसीडी प्रोजेक्टर

iv. सीडी, डीवीडी और डीवीडी प्लेयर

v. कौशल प्रदर्शन के लिए उपयुक्त उपकरण, मैनीकिंस और सिमुलेटर्स (पीडियाट्रिक मैनीकिंस, रिससिटेशन बेबी, एएमबीयू बैग एवं मास्क, बाल चिकित्सा देखभाल उपकरण आदि)

f. कार्यालयी सुविधाएंः

i. लिपिक, चपरासी, सफाई कर्मचारी की सेवाएं

ii. कार्यालय, उपकरण और आपूर्ति की सुविधाएं, जैसे

- स्टेशनरी
- प्रिंटर के साथ कंप्यूटर
- जीरोक्स मशीन
- टेलीफोन एवं फैक्स

4. नैदानिक सुविधाएं

a. न्यूनतम 200 शैय्या वाले अपने स्वयं के ऐसे विशिष्ट अस्पताल/तृतीयक अस्पताल, जिनमें गंभीर रोग और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं सहित विभिन्न नैदानिक स्थितियों वाले बच्चों को प्रभावी व समर्थक देखभाल प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय तथा अत्याधुनिक बाल चिकित्सा इकाइयों के साथ इष्टतम निगरानी एवं जीवन समर्थन उपकरण/सुविधाएं और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाएं उपलब्ध हों।

अथवा

b. न्यूनतम 200 शैय्या वाले क्षेत्रीय केंद्र/पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी अस्पताल, जिनमें गंभीर रोग और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाओं सहित विभिन्न नैदानिक स्थितियों वाले बच्चों को प्रभावी व समर्थक देखभाल प्रदान करने के लिए उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय तथा अत्याधुनिक बाल चिकित्सा इकाइयों के साथ इष्टतम निगरानी एवं जीवन समर्थन उपकरण/सुविधाएं और विशेष नर्सिंग देखभाल सुविधाएं उपलब्ध हों।

c. अस्पताल में उन्नत नैदानिक, चिकित्सीय और देखभाल सुविधाओं के साथ कम से कम स्तर–2 तथा स्तर–3 की 40 विशिष्ट शैय्या उपलब्ध होनी चाहिए।

d. इकाइयों में परिषद् द्वारा अनुशंसित मानदंडों के अनुरूप नर्स स्टाफ उपलब्ध होना चाहिए।

e. *छात्र रोगी अनुपात:* 1:2–3 होना चाहिए।

5. प्रवेश हेतु नियम व शर्तें/प्रविष्टि अर्हताएं

इस कार्यक्रम में प्रवेश पाने वाले छात्र को,

a. एनयूआईडी नंबर के साथ किसी एक एसएनआरसी में एक पंजीकृत नर्स (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष होना चाहिए।

b. नामांकन से पहले अधिमानतः पीडियाट्रिक इकाई में स्टाफ नर्स के पद पर न्यूनतम एक वर्ष का नैदानिक अनुभव होना चाहिए।

c. शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

d. अन्य देशों के नर्सों को प्रवेश से पहले परिषद् से समतुल्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

6. सीटों की संख्या

- बाल चिकित्सा आईसीयू शैय्या सहित 40 बाल चिकित्सा शैय्या के साथ 200 शैय्या वाले अस्पताल के लिए सीटों की संख्या = 5–10.
- बाल चिकित्सा आईसीयू शैय्या सहित 50 या इससे अधिक बाल चिकित्सा शैय्या के साथ 500 या इससे अधिक शैय्या वाले अस्पताल के लिए सीटों की संख्या = 10–20.

7. अभ्यर्थियों की संख्या

2–3 विशिष्ट शैय्याओं के लिए 1 अभ्यर्थी।

8. वेतन

a. सेवारत अभ्यर्थियों को नियमित वेतन मिलता रहेगा।

b. अन्य अभ्यर्थियों को कार्यक्रम का संचालन करने वाले अस्पताल की वेतन संरचना के अनुसार वजीफा/वेतन मिलेगा।

VII. परीक्षा विनियम एवं प्रमाणीकरण

परीक्षा विनियम

परीक्षा संचालन एवं डिप्लोमा प्रदान करने वाले प्राधिकरण: परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय।

1. परीक्षा में बैठने हेतु पात्रता

a. *उपस्थिति:* सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक: 80%. परन्तु प्रमाणपत्र मिलने से पहले 100% नैदानिक उपस्थिति होना अनिवार्य है।

b. लॉग बुक और नैदानिक आवश्यकताओं जैसी जरूरी आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे और अंतिम परीक्षा में बैठ सकते हैं।

2. प्रायोगिक परीक्षा

a. *ओएससीई:* आंतरिक और अंतिम परीक्षा दोनों में मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वस्तुनिष्ठ संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई) आयोजित की जाएगी।

b. *प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकन:* अंतिम आंतरिक और बाह्य परीक्षा में मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वास्तविक संरचना में नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन और 3–4 घंटे का लघु नैदानिक आंकलन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन और कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन) भी शामिल होगा। नैदानिक क्षेत्र में आंकलन की न्यूनतम अवधि 5–6 घंटे होगी।

c. प्रति दिन छात्रों की अधिकतम संख्या = 10 छात्र।

d. प्रायोगिक परीक्षा केवल नैदानिक क्षेत्र में ही आयोजित की जानी चाहिए।

e. प्रायोगिक परीक्षक दल में, एक आंतरिक परीक्षक {संबंधित विशिष्ट कार्यक्रम में शिक्षण के 2 वर्ष के अनुभव के साथ एम. एससी. अर्हता धारक संकाय/स्नातकोत्तर के पश्चात 5 वर्ष के अनुभव के साथ एम.एससी. (बाल स्वास्थ नर्सिंग) अर्हता धारक संकाय}, एक बाह्य परीक्षक (उपरोक्त अनुभव एवं अर्हता धारक नर्सिंग संकाय), और एक चिकित्सीय आंतरिक परीक्षक जो विशिष्ट कार्यक्रम के लिए प्रीसेप्टर होना चाहिए, शामिल होंगे।

f. प्रायोगिक परीक्षक और सैद्धांतिक परीक्षक एक ही नर्सिंग संकाय के होने चाहिए।

3. उत्तीर्णता मानक

a. प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होने के लिए सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा के आंतरिक आंकलन तथा बाह्य परीक्षा दोनों में मिलाकर न्यूनतम कुल 60% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। 60% से कम अंक प्राप्त करने पर अनुत्तीर्ण माना जाएगा।

b. छात्र को उत्तीर्ण होने के लिए अधिकतम तीन (3) अवसर प्रदान किए जाएंगे।

c. यदि छात्र सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में से किसी एक में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में से जिसमें अनुत्तीर्ण हुआ है केवल वही परीक्षा पुनः देनी होगी।

प्रमाणीकरण

a. **शीर्षक** – पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा

b. निर्धारित अध्ययन पाठ्यक्रम के सफल समापन पर, परिषद् द्वारा अनुमोदित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/ विश्वविद्यालय द्वारा डिप्लोमा से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें लिखा होगा कि,

i. अभ्यर्थी ने पीडियाट्रिक (बाल चिकित्सा) स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं का अध्ययन पूरा कर लिया है।

ii. अभ्यर्थी ने सैद्धांतिक में 80% और नैदानिक में 100% अर्हताएं पूरी कर ली हैं।

iii. अभ्यर्थी ने निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

VIII. परीक्षा प्रणाली

पाठ्यक्रम	आंतरिक आंकलन अंक	बाह्य आंकलन अंक	कुल अंक	परीक्षा अवधि (बाह्य)
सैद्धांतिक (अनुभवात्मक/आवासीय अध्ययन) पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग (भाग-I व भाग-II) {भाग-I – पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग I के साथ–साथ पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूल, भाग-II – पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग II}	25 (10+15)	75 (35+40)	100	3
प्रायोगिक (पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग) • मौखिक परीक्षा सहित वस्तुनिष्ठ संरचित नैदानिक परीक्षा (ओएससीई) • प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकनः मौखिक परीक्षा के साथ वास्तविक संरचना में वास्तविक कार्य निष्पादन का प्रत्यक्ष अवलोकन – 3–4 घंटे का लघु नैदानिक आंकलन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन व कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन)	75 (25+50) (ओएससीई–25 एवं प्रायोगिक अवलोकन–50)	150 (50+100) (ओएससीई–50 एवं प्रायोगिक अवलोकन–100)	225	नैदानिक क्षेत्र में न्यूनतम 5–6 घंटे
कुल योग	**100**	**225**	**325**	

IX. कार्यक्रम की बनावट/संरचना

1. अनुदेश पाठ–योजना
2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन
3. नैदानिक अभ्यास (आवासीय पदस्थापन)
4. प्रशिक्षण विधियां
5. आंकलन विधियां
6. नैदानिक लॉग बुक और नैदानिक अर्हताएं

1. **अनुदेश पाठ–योजनाः** अध्ययन प्रवीणता (कौशल प्रयोगशाला अभ्यास) और अनुभवात्मक अध्ययन द्वारा, जिसमें नैदानिक अभ्यास शामिल है

क्र.सं.	पाठ्यक्रम	सैद्धांतिक (घंटे)	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला (घंटे)	नैदानिक (घंटे)
I	**पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूल** 1. व्यावसायिकता 2. संवाद, सॉफ्ट स्किल्स, अभिभावकों का शिक्षकीय मार्गदर्शन, आईपीआर, विशिष्ट नर्सिंग में परामर्श 3. विशिष्ट देखभाल संरचना में नैदानिक नेतृत्व व संसाधन प्रबंधन, बाल चिकित्सा देखभाल इकाई का प्रबंधन 4. विशिष्ट नर्सिंग कार्यक्रम में साक्ष्य आधारित एवं अनुप्रयुक्त शोध	**40**		
II	**पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग पाठ्यक्रम** **पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग I** 1. विशिष्ट नर्सिंग का संदर्भ / परिचय 2. विशिष्ट देखभाल में प्रयुक्त सामान्य विज्ञानः मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र, माइक्रोबायोलॉजी, एनाटॉमी एवं फिजियोलॉजी, जेनेटिक्स, सामुदायिक स्वास्थ्य, फार्माकोलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, ऑब्स्टेट्रिक्स, एम्ब्रियोलॉजी, पीडियाट्रिक एडवांस लाइफ सपोर्ट जैसी नैदानिक स्थितियों का निदान व उपचार	**50**	**10**	**1730**
	पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग II 3. आंकलन, निदान, उपचार और विशेष मध्यवर्तन के साथ नैदानिक परिस्थितियों में नर्सिंग प्रबंधन 4. रोगी सुरक्षा और गुणवत्ता 5. विशिष्ट / रोग विशिष्ट विवेचन जैसे गंभीर देखभाल / विकासात्मक गड़बड़ी / विकलांग बच्चे / प्रशामक देखभाल / पुनर्वास, अभिभावकों, परिवार और समुदाय पर रोग का प्रभाव	**110**	**30**	
	कुल योग = 1970 घंटे	**200 (5 सप्ताह)**	**40 (1 सप्ताह)**	**1730 (38 सप्ताह)**

एक वर्ष में उपलब्ध कुल सप्ताहः 52 सप्ताह

- वार्षिक अवकाश + आकस्मिक अवकाश + अस्वस्थता अवकाश + सार्वजनिक अवकाश = 6 सप्ताह
- परीक्षा की तैयारी और परीक्षा = 2 सप्ताह
- सैद्धांतिक और प्रायोगिक = 44 सप्ताह

2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन

(सैद्धांतिकः 10% और व्यावहारिक (कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक): 90%)

- **ब्लॉक कक्षाएं** – 2 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह = 80 घंटे;
  (सैद्धांतिक = 74 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 6 घंटे, कुल = 80 घंटे)
- **आवासीय** – 42 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह = 1890 घंटे
  (सैद्धांतिक व कौशल प्रयोगशाला सहित नैदानिक अभ्यास – 42 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह = 1890 घंटे)
- **कुल = 1970 घंटे**
- आवासीय = सैद्धांतिक = 126 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 34 घंटे, नैदानिक = 1730 घंटे, कुल = 1890 घंटे
- सैद्धांतिक = 200 (74 + 126) घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 40 (6 + 34) घंटे, नैदानिक = 1730 घंटे
- नैदानिक अनुभव के दौरान सैद्धांतिक के 126 घंटे और कौशल प्रयोगशाला अध्ययन के 34 घंटे को एकीकृत किया जा सकता है। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रशिक्षित करने में अध्ययन प्रवीणता और अनुभवात्मक अध्ययन दृष्टिकोण का उपयोग किया जाना है।
- कौशल प्रयोगशाला अर्हताओं के लिए **परिशिष्ट–1** देखें।

3. नैदानिक अभ्यास (आवासीय पदस्थापन)

आवासीय नैदानिक अनुभवः हालांकि न्यूनतम 45 घंटे प्रति सप्ताह निर्धारित हैं, लेकिन अलग–अलग पारियों और प्रत्येक सप्ताह या पखवाड़े ऑन कॉल ड्यूटी करने के पश्चात छुट्टी होने पर परिस्थिति अनुसार होगा।

नैदानिक पदस्थापनः प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों का निम्नांकित नैदानिक क्षेत्रों में पदस्थापन किया जाएगा।

क्र.सं.	नदानिक क्षेत्र	पदस्थापन की अवधि
1.	बाल रोग चिकित्सा	8 सप्ताह
2.	बाल रोग शल्यचिकित्सा	8 सप्ताह
3.	बाल रोग आईसीयू	8 सप्ताह
4.	बाल रोग ऑन्कोलॉजी (कर्क रोग)	4 सप्ताह
5.	एनआईसीयू	8 सप्ताह
6.	प्रसूति कक्ष (लेबर रूम)	1 सप्ताह
7.	प्रसवोत्तर वार्ड/नवजात इकाई	1 सप्ताह
8.	टीकाकरण क्लिनिक/वेल बेबी क्लिनिक	1 सप्ताह
9.	बाल रोग बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी)	1 सप्ताह
10.	समुदायिक/अनुवर्ती सेवाएं/क्लिनिक	2 सप्ताह
	कुल योग	**42 सप्ताह**

आवासीय छात्र अलग–अलग पारियों में स्टाफ नर्स/नर्सिंग अधिकारियों की कार्य सूची का ही पालन करेंगे। नैदानिक पदस्थापन के दौरान शोध प्रक्रिया के सोपानों पर आधारित एक लघु सामूहिक शोध परियोजना (शोध/क्यूआई) आयोजित की जा सकती है जिसकी लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इसके अलावा, 40 सप्ताह तक, प्रत्येक सप्ताह 4 घंटे उनके अध्ययन के लिए होंगे, जिन्हें सैद्धांतिक और कौशल प्रयोगशाला अभ्यास के लिए दिया जा सकता है (जैसे, संकाय व्याख्यान – 1 घंटा, नर्सिंग व अंतःविषयक दौरे – 1 घंटा, नैदानिक प्रस्तुतियां, केस स्टडी रिपोर्ट, नैदानिक कार्य – 1 घंटा और कौशल प्रयोगशाला अभ्यास – 1 घंटा), इस प्रकार कुल 126 घंटे सैद्धांतिक और 34 घंटे कौशल प्रयोगशाला अभ्यास के लिए होंगे।

4. प्रशिक्षण विधियां

- सैद्धांतिक, कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक शिक्षण निम्नलिखित पद्धतियों द्वारा किए जा सकते हैं और नैदानिक पदस्थापन के दौरान एकीकृत किए जा सकते हैं।
- मामले की/नैदानिक प्रस्तुति और मामले के अध्ययन की रिपोर्ट
- औषध अध्ययन और प्रस्तुति
- बेडसाइड क्लिनिक/नर्सिंग दौरे/अंतःविषयक दौरे
- जर्नल क्लब/नैदानिक सेमिनार
- नैदानिक क्षेत्र में शिक्षकों के व्याख्यान और परिचर्चा
- कौशल प्रयोगशाला में तथा बेडसाइड पर प्रदर्शन और कौशल प्रशिक्षण
- निर्देशित पढ़न/स्व–अध्ययन
- भूमिका निर्वहन
- संगोष्ठी/सामूहिक प्रस्तुति
- सामूहिक शोध परियोजना – शोध/क्यूआई
- नैदानिक कार्य
- अभिभावकों की भागीदारी व सशक्तिकरण अभ्यास (सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हेतु शिशु देखभाल निर्णयों में अभिभवकों को शामिल करना) जैसे, छुट्टी योजना, अनुवर्ती व घरेलू देखभाल
- शैक्षिक दौरे

5. आंकलन विधियां

- लिखित परीक्षा (मामले पर या परिदृश्य आधारित)
- प्रायोगिक परीक्षाः ओएससीई तथा प्रायोगिक अवलोकन (वास्तविक संरचना में वास्तविक नैदानिक कार्य निष्पादन का प्रत्यक्ष अवलोकन)
- लिखित कार्य
- परियोजना

- नर्सिंग देखभाल योजना/मामले का अध्ययन/देखभाल योजना/नैदानिक प्रस्तुति/औषध अध्ययन
- नैदानिक प्रदर्शन आंकलन
- नैदानिक कार्यविधिक दक्षताओं और नैदानिक आवश्यकताओं को पूरा करना
  आंकलन दिशानिर्देशों के लिए **परिशिष्ट–2** देखें।

6. नैदानिक लॉग बुक तथा नैदानिक अर्हताएं

प्रत्येक नैदानिक पदस्थापन के अंत में, नैदानिक लॉग बुक (विशिष्ट कार्यविधिक दक्षताएं/नैदानिक नर्सिंग कौशल) **(परिशिष्ट–3)**, नैदानिक अर्हताएं **(परिशिष्ट–4)** और नैदानिक अनुभव विवरण **(परिशिष्ट–5)** पर संबंधित नैदानिक संकाय/प्रीसेप्टर द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

X. पाठ्यक्रम का सारांश

नैदानिक नर्सिंग I

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूलभूत सिद्धांतः

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिकता, संवाद, अभिभावकीय प्रशिक्षण एवं परामर्श, नैदानिक नेतृत्व एवं संसाधन प्रबंधन और साक्ष्य आधारित एवं अनुप्रयुक्त शोध

पूर्णतः सैद्धांतिकः 40 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम पीडियाट्रिक नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिकता, संवाद, अभिभावकीय प्रशिक्षण एवं परामर्श, नैदानिक नेतृत्व एवं संसाधन प्रबंधन और साक्ष्य आधारित एवं अनुप्रयुक्त शोध की समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है।

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
I	3	व्यावसायिकता की समझ प्रदर्शित करना और बाल चिकित्सा नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिकता प्रदर्शित करना	**व्यावसायिकता** • अभिप्राय और सिद्धांतः बाल स्वास्थ्य स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास में जवाबदेही, सुविज्ञता, दृश्यता और नैतिकता • व्यावसायिक मूल्य और व्यावसायिक व्यवहार • परिषद् की आचार संहिता, व्यावसायिक आचरण संहिता और अभ्यास मानक • बाल चिकित्सा नर्सिंग से संबंधित नैतिक मुद्दे • नर्स की प्रसारी भूमिकाः नर्स प्रेक्टिशनर • व्यावसायिक संगठन • सतत नर्सिंग शिक्षा	• परिचर्चा	• बाल स्वास्थ्य नर्सिंग से संबंधित आचार संहिता का वर्णन करना
II	3	बाल चिकित्सा नर्सिंग के औषधीय विधिक पहलुओं की व्याख्या करना	**चिकित्सीय–विधिक पहलू** • बाल चिकित्सा नर्सिंग से संबंधित कानून और नियम • उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम • लापरवाही और कदाचार • चिकित्सीय–विधिक पहलू • अभिलेख और रिपोर्ट • स्पेशियलिस्ट नर्सों की कानूनी जिम्मेदारियां	• व्याख्यान एवं परिचर्चा	• रोगियों का अभिलेख रखना
II	12	बच्चों, अभिवावकों, परिजनों और सहयोगियों के साथ परस्पर सम्मान को बढ़ावा देने तथा स्वास्थ्य देखभाल परिणामों को बढ़ाने और परिवार एवं बच्चे के रिश्ते में सुधार लाने के लिए साझा निर्णय लेते हुए प्रभावी ढंग से संवाद करना अभिवावकों तथा परिजनों की उपचार और देखभाल में प्रभावी	**संवाद** • संवाद प्रणाली और तकनीक • गलत रोग निदान के कारण उत्पन्न चिकित्सीय तथा शल्य चिकित्सीय विकारों से ग्रस्त बच्चों के अभिभावकों को दुःखद समाचार सुनाना • सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील संवाद • नर्सिंग देखभाल योजनाओं और अभिलेखों का विकास • संवाद में उपयोगी सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण • दलीय संवाद, आईपीआर, सॉफ्ट स्किल्स **अभिभावकीय तथा पारिवारिक शिक्षा** • शिक्षण और अध्ययन के सिद्धांत	• व्याख्यान • दुःखद समाचार सुनाना – भूमिका निर्वहन	• डिजिटल अभिलेख

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
		भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना तथा परामर्श देना और संकट एवं वियोग की परिस्थिति में उनकी मुकाबला करने की क्षमता में वृद्धि करना	• स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धांत • अभिभावकों और परिवार की सूचना और शिक्षण आवश्यकताओं का आंकलन और शिक्षा सामग्री विकसित करना **परामर्श** • मार्गदर्शन और परामर्श तकनीक • दुःखद समाचार सुनाते समय, गहन उपचार, संकटकालीन मध्यवर्तन और मरणासन्न रोगी के अभिभावकों और परिजनों को परामर्श देना	• सहकर्मी प्रशिक्षण • परामर्श सत्र	
III	12	नैदानिक नेतृत्व तथा संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और सहयोगी तथा प्रभावी दलीय कार्य को बढ़ावा देने के लिए बाल चिकित्सा देखभाल संरचना में उनका उपयोग करना नैदानिक लेखा परीक्षा करना और गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना	**नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन** • नेतृत्व और प्रबंधन ○ पीडियाट्रिक नर्सिंग देखभाल के प्रबंधन के सिद्धांत – योजना, आयोजन, स्टाफ, रिपोर्टिंग, अभिलेखन और बजट बनाना ○ नैदानिक नेतृत्व और इसकी चुनौतियां ○ प्रतिनिधिमंडल • पीडियाट्रिक इकाइयों में मानव संसाधन प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन • एक आदर्श पीआईसीयू और पीडियाट्रिक देखभाल इकाई की रूपरेखा तैयार करना ○ भावनात्मक बुद्धिमत्ता और स्व–प्रबंधन कौशल ○ अंतःविषयक दल के सदस्य के रूप में कार्य करना ○ बच्चों के लिए प्रासंगिक नीतियां बनाने में भागीदार बनना **पीडियाट्रिक इकाइयों/केंद्रों में गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम** • नर्सिंग ऑडिट • नर्सिंग मानक • गुणवत्ता आश्वासन	• व्याख्यान • किसी भी आदर्श विशिष्ट बाल अस्पताल का दौरा करना • मॉड्यूलः मान्यता और अभ्यास मानक	• विभाग/इकाई में कार्यरत स्टाफ नर्सों के लिए एक ड्यूटी रोस्टर की योजना बनाना • एक आदर्श पीआईसीयू की योजना बनाना • बाल चिकित्सा वार्ड और पीआईसीयू के लिए एसओपी विकसित करना
IV	10	शोध प्रक्रिया की व्याख्या करना और बुनियादी सांख्यिकीय परीक्षण करना शोध के सिद्धांतों और चरणों का उपयोग करते हुए शोध परियोजना का संचालन करना व्यवसाय में साक्ष्य आधारित/सर्वोत्तम अभ्यास लागू करना	**साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त शोध** • नर्सिंग शोध और शोध प्रक्रिया का परिचय • डेटा प्रस्तुति, मूलभूत सांख्यिकीय परीक्षण और इसके अनुप्रयोग • बाल चिकित्सा नर्सिंग में शोध प्राथमिकताएं • नैदानिक नर्सिंग अभ्यास के लिए प्रासंगिक समस्या/प्रश्न का निरूपण • नैदानिक नर्सिंग अभ्यास में साक्ष्य आधारित/सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने के लिये साहित्यिक समीक्षा • दैनिक व्यावसायिक अभ्यास में साक्ष्य आधारित मध्यवर्तनों का कार्यान्वयन • शोध में नैतिकता	• व्याख्यान	• बाल चिकित्सा विभाग का गत पांच वर्ष का सांख्यिकीय विवरण तैयार करना • बाल चिकित्सा नर्सिंग मध्यवर्तनों पर साहित्यक समीक्षा का संचालन करना • सामूहिक शोध परियोजना/साक्ष्य–आधारित अभ्यास परियोजना

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग I

पीडियाट्रिक नर्सिंग का संदर्भ/परिचय और नैदानिक नर्सिंग अभ्यास में प्रयुक्त सामान्य विज्ञान (मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र, माइक्रोबायोलॉजी, एनाटॉमी एवं फिजियोलॉजी, जेनेटिक्स, सामुदायिक स्वास्थ्य, फार्माकोलॉजी, पैथोफिजियोलॉजी, ऑब्स्टेट्रिक्स, एम्ब्रियोलॉजी, पीडियाट्रिक एडवांस लाइफ सपोर्ट)

सैद्धांतिकः 50 घंटे और प्रयोगशालाः 10 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को पीडियाट्रिक देखभाल प्रावधान और विभिन्न चिकित्सीय एवं शल्यचिकित्सीय विकारों से पीड़ित बच्चों के निदान और उपचार में बुनियादी विज्ञान के अनुप्रयोग के संदर्भ में समझ और गहन ज्ञान विकसित करने में मदद करने के लिए बनाया गया है।

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
I	2 (टी)	सामान्य बचपन के विकारों की महामारी विज्ञान की व्याख्या करना, जोखिम की पहचान और कम करने की रणनीतियां	**बचपन के विकारों की महामारी विज्ञान** • व्यापकता और आंकड़े ○ जोखिम कारक और पहचान ○ जोखिम कम करने की रणनीतियां, बाल रुग्णता और मृत्यु दर	• व्याख्यान एवं परिचर्चा	• सांख्यिकीय प्रस्तुति
II	8 (टी) 2 (एल)	बाल चिकित्सा नर्सिंग की आम धारणाओं और सिद्धांतों की व्याख्या करना बाल चिकित्सा विशेषज्ञ नर्सों की भूमिका	**बाल चिकित्सा नर्सिंग का परिचय** • बाल चिकित्सा नर्सिंग की परिभाषा, अवधारणाएं और सिद्धांत • बाल चिकित्सा नर्स की विशेषताएं • नर्सिंग प्रक्रिया • अस्पताल में भर्ती बच्चे की देखभाल में बाल स्वास्थ्य नर्स की भूमिका • बाल चिकित्सा नर्सिंग अभ्यास का दायरा	• व्याख्यान एवं परिचर्चा	• आदर्श बाल चिकित्सा संरचना का दौरा करना
III	5 (टी)	बाल चिकित्सा नर्सिंग देखभाल में मनोसामाजिक पहलुओं की व्याख्या करना	**मनोविज्ञान** • व्यक्तिगत मतभेद ○ किशोरावस्था एवं बाल मनोविज्ञान • अध्ययन, प्रेरणा, मनोयोग और धारणा • भावनाएं • संकटकाल में मानव व्यवहार और जरूरतें • संकटकालीन स्थितियों में तनाव और उनसे निपटना • नेतृत्व ○ परामर्श • दृष्टिकोण और मानवीय देखभाल • विकासात्मक सिद्धांत **समाज शास्त्र** • सामाजिक संगठन और सामुदायिक संसाधन • समुदाय में नेतृत्व की भूमिकाएं • परिवार और पारिवारिक रिश्ते • बच्चे के पालन–पोषण पर सामाजिक–सांस्कृतिक प्रभाव	• व्याख्यान एवं परिचर्चा	• परामर्श सत्र संचालित करना
IV	4 (टी) 2 (एल)	बाल चिकित्सा संरचना में चिकित्सीय एवं शल्य–चिकित्सीय अपूयन और संक्रमण नियंत्रण की व्याख्या करना	**बाल चिकित्सा संरचना में संक्रमण नियंत्रण** • रोग प्रतिरोधक क्षमता, संक्रमण • अपूयन, रोगाणुशोधन, कीटाणुशोधन के सिद्धांत • नैदानिक परीक्षण और संबंधित नर्स की जिम्मेदारी • मानक सुरक्षा उपाय • जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन • बैरियर नर्सिंग और संक्रमण नियंत्रण प्रथाएं ○ बाल चिकित्सा आईसीयू में अस्पताल से फैला संक्रमण	• व्याख्यान एवं परिचर्चा	• संक्रमण नियंत्रण पर एसओपी तैयार करना

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
V	8 (टी) 2 (एल)	विभिन्न तंत्रों की बुनियादी अनुप्रयुक्त शारीरिक रचना और शरीर क्रिया विज्ञान की व्याख्या करना	**एप्लाइड एनाटॉमी एवं फिजियोलॉजी की समीक्षा** • तंत्रिका तंत्र • श्वसन प्रणाली • हृदय प्रणाली • जठरांत्र प्रणाली • अंतःस्रावी प्रणाली • हाड़ पिंजर प्रणाली • मूत्र तंत्र • प्रजनन तंत्र • संवेदी अंग	• व्याख्यान • स्व–अध्ययन	• प्रश्नोत्तरी • लघु उत्तर
VI	6 (टी)	नवजात शिशु के कोशिकीय आधार को समझना विभिन्न गुणसूत्रीय विकारों के आनुवंशिक आधार की व्याख्या करना	**आनुवंशिक आधार** • गर्भधारण से जन्म तक भ्रूण का विकास • भ्रूण परिसंचरण • आनुवंशिकी एवं आनुवंशिकता का अर्थ • वंशानुक्रम के मेंडेलियन नियम • आनुवंशिक विकार – गुणसूत्रीय (क्रोमोसोमल) त्रुटियां – जन्मजात चयापचय त्रुटियां – बहुविकल्पीय विकार (सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया) • आनुवंशिक परामर्श और आनुवंशिक परामर्श में नर्सों की भूमिका	• व्याख्यान	• भ्रूण परिसंचरण का मॉडल तैयार करना • परामर्श सत्र
VII	3 (टी) 2 (एल)	सरकार द्वारा बच्चों के लिए शुरू की गई विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों को समझना	**सामुदायिक स्वास्थ्य एवं निवारक बाल चिकित्सा** • जनसांख्यिकी और परिवार कल्याणः परिभाषा, अर्थ, जनसंख्या रुझान – वैश्विक और भारतीय **समीक्षा** • मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाए व कार्यक्रम – राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रजनन, मातृ, नवजात, शिशु एवं किशोर (आरएमएनसीएच+ए) रणनीति – स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए एमएए, राष्ट्रीय आयरन प्लस पहल (एनआईपीआई), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), आईसीडीएस – पोषण पुनर्वास केंद्र में एसएएम प्रबंधन के परिचालन दिशानिर्देश – सीएसएसएम/आरसीएच – परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम/ सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम और कोल्ड चेन, मिशन इंद्रधनुष, गहन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) – आईएमएनसीआई, बीएफएचआई, आईवाईसीएफ प्रथाएं, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ – सुविधा आधारित नवजात देखभाल (एफबीएनसी) • स्वास्थ्य शिक्षाः अवधारणाएं, सिद्धांत, दृष्टिकोण और विधियां – बच्चों के लिए पोषण संबंधी शिक्षा – पांच वर्ष से कम आयु के क्लिनिक/स्वस्थ शिशु क्लिनिक/बाल मार्गदर्शन क्लिनिक की	• व्याख्यान • सामुदायिक दौरे • मॉड्यूल अनुसार कार्यशाला आयोजित करना	• दौरे की रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
			अवधारणा		• अभिभावकों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा योजना तैयार करना
VIII	6 (टी)	बच्चों के विभिन्न चिकित्सीय एवं शल्य–चिकित्सीय विकारों की फार्माकोथेरेपी की व्याख्या करना	**एप्लाइड फार्माकोलॉजी** • दर्दनाशक/सूजनरोधी एजेंट • तिरोधक (एंटीबायोटिक्स), पूतिनाशक (एंटीसेप्टिक्स) • औषधीय प्रतिक्रिया और विषाक्तता • एनआरपी, पीएएलएस में उपयोग की जाने वाली औषधियां • रक्त और रक्त अवयव • औषधि देने के सिद्धांत – खुराक गणना के लिए मानदंड – औषधियों का पारस्परिक प्रभाव – प्रतिकूल प्रभाव और उनका प्रबंधन • नर्सों की भूमिका और औषधियों की देखभाल	• व्याख्यान • परिचर्चा • औषधीय प्रस्तुति	• औषध अध्ययन
IX	8 (टी) 2 (एल)	भ्रूण तथा अपरा संबंधी शरीर क्रिया विज्ञान की व्याख्या करना प्रसव कक्ष में सामान्य नवजात एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की परिजीवविज्ञान (पेरिनेटोलॉजी) और देखभाल को समझना	**प्रसूति समीक्षा** • गर्भावस्था – सामान्य और उच्च जोखिम – प्रसूति संबंधी विकार • प्रसव – सामान्य और असामान्य – प्रसवपूर्व और अंतर्गर्भाशयी अवधि में नवजात शिशुओं के लिए जोखिम कारक • सामान्य नवजात – प्रसव वार्ड में तत्काल देखभाल • उच्च जोखिम वाले नवजात – आईयूजीआर, परिपक्वता के बाद, उच्च जोखिम वाली माताओं के बच्चे • प्रसूति विज्ञान में उपयोग की जाने वाली औषधियां और भ्रूण/नवजात शिशु पर उनके प्रभाव	• व्याख्यान एवं परिचर्चा • मामले पर परिचर्चा/प्रस्तुति • पर्यवेक्षित नैदानिक अभ्यास	• मामले का अध्ययन • मूल्यांकन • जांच सूची के साथ कौशल आंकलन • औषध अध्ययन

पीडियाट्रिक स्पेशियलिटी नर्सिंग II

आंकलन, निदान, उपचार व विशिष्ट मध्यवर्तन, रोगी सुरक्षा व गुणवत्ता और विशिष्ट/रोग विशिष्ट विचार–विमर्श सहित नैदानिक स्थितियों का नर्सिंग प्रबंधन (सहायक देखभाल/प्रशामक देखभाल/पुनर्वास)

सैद्धांतिकः 110 घंटे और प्रयोगशालाः 30 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम छात्रों को विभिन्न विकारों से ग्रस्त बच्चों के आंकलन, निदान, उपचार, नर्सिंग प्रबंधन और सहायक/प्रशामक देखभाल के लिए आवश्यक जानकारी और दक्षता विकसित करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है।

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
I	5 (टी)	बाल देखभाल की आधुनिक अवधारणा की व्याख्या करना	**बाल देखभाल की आधुनिक अवधारणा** • बाल स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण विकास o बच्चों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत अधिकार o अस्पताल में देखभाल में बदलते रुझान, बाल स्वास्थ्य के निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक पहलु o एक वयस्क और बच्चे के बीच अंतर – शारीरिक, सामाजिक, प्रतिरक्षाविज्ञानी और	• व्याख्यान • परिचर्चा • प्रदर्शन	• सामान्य बाल चिकित्सा प्रक्रियाओं में कौशल आंकलन • संतान वियोग के बाद अभिभावकों के लिए परामर्श सत्र

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
			मनोवैज्ञानिक ○ रोगी बच्चे के लिए अस्पताल का वातावरण ○ अस्पताल में भर्ती होने का बच्चे और परिवार पर प्रभाव • बच्चों का दर्द प्रबंधन ○ शोक और वियोग ○ शिशु और बच्चों की शल्य चिकित्सा से पहले और बाद की देखभाल के सिद्धांत		
II	20 (टी) 5 (एल)	देखभाल के सभी पहलुओं में बच्चे के आंकलन को समझना और अस्पताल व समुदाय में रोगी शिशुओं से लेकर किशोरावस्था पूर्व बच्चों की देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया लागू करना	**बाल चिकित्सा ग्राहकों का आंकलन** • इतिवृत्त लेना • वृद्धि और विकासात्मक आंकलन, शारीरिक आंकलन, पोषण आंकलन • पारिवारिक आंकलन ○ बच्चों में दर्द का आंकलन (दर्द की श्रेणी के पैमाने) • बच्चों की देखभाल में नर्सिंग प्रक्रिया	• व्याख्यान • परिचर्चा • प्रदर्शन	• इतिवृत्त लेना • शारीरिक जांच
		सभी आयु वर्ग के बच्चों की वृद्धि और विकास का आंकलन करने में कौशल प्रदर्शित करना	**स्वस्थ बच्चा** • वृद्धि और विकास के सिद्धांत • वृद्धि और विकास को प्रभावित करने वाले कारक • जन्म से किशोरावस्था तक वृद्धि और विकास • विकासात्मक और अभिभावकीय मार्गदर्शन के चरणों में सामान्य बच्चों की आवश्यकताएं • बच्चों और शिशुओं की पोषण संबंधी आवश्यकताएं: स्तनपान, विशिष्ट स्तनपान, पूरक/कृत्रिम आहार और दूध छुड़ाना • बच्चों में नियंत्रण उपयोग • दुर्घटनाएं: कारण और निवारण • खेलों का मूल्य और खेल सामग्री का चयन	• वृद्धि और विकास का आंकलन	• सभी आयु वर्गों की वृद्धि और विकास का आंकलन • विकास चार्ट पर प्लॉटिंग
III	14 (टी) 6 (एल)	नवजात शिशुओं के आंकलन की व्याख्या करना और उसमें कौशल प्रदर्शित करना नवजात शिशुओं के सामान्य अनुकूलन और आवश्यक देखभाल को समझना	**स्वस्थ एवं रोगी नवजात शिशु की देखभाल** • परिभाषाएं और शब्दावली • सामान्य मां–बच्चे का रिश्ता • नवजात शिशु की जांच व मूल्यांकन • नवजात शिशु में खतरे के संकेतों की पहचान • नवजात संबंधी सामान्य एवं लघु विकार • सामान्य नवजात शिशु की देखभाल ○ नवजात शिशु की आवश्यक देखभाल • तात्कालिक देखभाल • नियमित देखभाल – पारगमन देखभाल, दैनिक देखभाल – घरेलू देखभाल • नवजात शिशु को दूध पिलाना • नवजात शिशु का शारीरिक अनुकूलन ○ एनआरपी • थर्मोरेग्यूलेशन और हाइपोथर्मिया की रोकथाम	• व्याख्यान एवं परिचर्चा • नवजात शिशु की तत्कालिक देखभाल पर प्रदर्शन, नवजात शिशु का आंकलन • एनआरपी • केएमसी के	• आंकलन रिपोर्ट लेखन • चेकलिस्ट की सहायता से एनआरपी सहित सामान्य नवजात प्रक्रियाओं में कौशल आंकलन

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	अध्ययन गतिविधियां	शिक्षण/आंकलन विधियां
